भारत सरकार

गृह मंत्रालय

**राज्य सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 1894**

दिनांक 03.08.2016/12 श्रावण, 1938 (शक) को उत्तर के लिए

**भारत में आई.एस. प्रेरित माड्यूल्स**

**1894. श्रीमती वानसुक साइमः**

क्या **गृह मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या हाल ही में पूरे भारत में आई.एस. प्रेरित मॉड्यूल्स की उपस्थिति महसूस की जा रही है, उत्तरी केरल से आई.एस. में शामिल होने वाले पुरुषों तथा महिलाओं की भर्ती की नवीनतम सूचना क्या है;

(ख) क्या भारत की आसूचना जानकारियों की नियमित तौर पर जांच की जाती है ताकि भारत में आई.एस. के समर्थकों के सम्पर्क/उपस्थिति प्रमाणित की जा सके; और

(ग) क्या कई मुस्लिम संगठन तथा धार्मिक नेता भारत के युवाओं को निशाना बना रहे आई.एस. के षड्यंत्र के विरुद्ध पूरी ताकत के साथ सामने आए हैं और उन्होंने भारतीय मुस्लिमों को आई.एस. तथा उसके समर्थकों द्वारा चलाए जा रहे इस प्रकार के घृणित कदमों के प्रति सचेत रहने के लिए आगाह किया है?

**उत्तर**

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री **(श्री हंसराज गंगाराम अहीर)**

**(क): राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) और राज्यों की पुलिस ने आईएसआईएस/आईएसआईएल/आईएस के साथ भारतीय युवाओं के कथित सम्पर्कों की जांच करने के लिए मामले दर्ज किए हैं और अब तक 54 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। हाल ही में केरल से कुछ लोगों के लापता होने की सूचना मिली है। केरल पुलिस ने इस संबंध में 9 मामले दर्ज किए हैं।**

**(ख): आतंकवादी संगठन, आईएसआईएस अपनी विचारधारा का प्रचार करने और समूचे विश्व से शामिल होने वाले लोगों को आकर्षित करने के लिए अनेक मंचों का उपयोग कर रहा है। आसूचना और सुरक्षा एजेंसियां शामिल होने वाले संभावित व्यक्तियों की पहचान करने के लिए गहन निगरानी रखती हैं।**

.........2/-

(ग): जी, हां। अनेक धार्मिक संगठनों और उनके नेताओं ने विभिन्न मंचों के माध्यम से आईएसआईएस की विचारधारा की पुरजोर निंदा की है और आईएसआईएस द्वारा प्रचारित की जा रही विचारधारा के प्रति भारतीय युवाओं को आगाह किया है।

----------